Title: Expressed concern regarding demolition of the wall of muslim shrine and construction of a temple in front of it at Aseend in Bhilwara, Rajasthan.

श्री चन्द्रनाथ सिंह (मछलीशहर) : उपाध्यक्ष महोदय, संसदीय कार्य मंत्री बैठे हैं, वह इस पर जवाब दे दें। यह सदन का मामला है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri C.N. Singh, I have not given you the floor.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please resume your seat. Do not disturb like this.

कुंवर अखिलेश सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, यह सदन का मामला है, इस पर माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी जवाब दें।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Kunwar Akhilesh Singh, I cannot compel the Minister to respond.

श्री सुनील खां (दुर्गापुर) : उपाध्यक्ष महोदय, लोकतांत्रिक मोर्चा की तरफ से मैं और हमारी पार्टी से श्री अब्दुल्ला कुट्टी, समाजवादी पार्टी से श्री एस.पी. सिंह बघेल और आर.एस.पी. से श्री निरेन बर्मन हम राजस्थान में भीलवाड़ा के असीन्द कस्बे में गये थे।â€¦(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Do not be impatient. I will call you.

श्री सुनील खां : वहां क्या हुआ। वहां गुर्जर समाज की एक जगह है, जहां एक जगह मंदिर था। वह 11वीं शताब्दी का मंदिर था और उसके तीन-चार फीट के अन्दर मुसलमानों के मजार की एक दीवार थी। उसके सामने एक नया मंदिर बना दिया। मजार पर उर्स मनाते हैं उसके कारण वहां टैन्ट में आग लगा दी। वहां पुलिस न होने के कारण 27 तारीख को इस दीवार को गिरा दिया गया।

उपाध्यक्ष महोदय : श्री राधा मोहन सिंह।

श्री सुनील खां : सर, मुझे बोलने दीजिए।

उपाध्यक्ष महोदय : मि. सुनील खां आप यहां भााण मत कीजिए। शून्यकाल में जो भी मामला उठाना है, उसमें आप यह बताइये कि सरकार को क्या करना है।

श्री सुनील खां : वहां उस दीवार को गिरा दिया गया। वह जगह गुर्जर समाज की थी। उस जगह को वे छीन चुके हैं। उस जगह को वापस दिलाने के लिए वहां एक पीस कमेटी बनी है। लेकिन अगर उन्होंने वह जगह वापस नहीं दी तो वहां कुछ भी हो सकता है। यह बहुत महत्वपूर्ण सवाल है।â€¦(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, nothing will go on record. There is a limit.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: It is not an hour for speech making.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Sunil Khan, I told you that you have to call the attention of the Government to the issue. You are not to make a speech here. This is 'Zero Hour'.